अमर उजाला 13/03/2024

सामाजिक बुराइयों के खिलाफ किया जागरूक

अंबाला। छावनी के जीएमएन कॉलेज की एनएसएस यूनिट द्वारा खुड्डा कलां गांव में सात दिवसीय शिविर का आरंभ किया गया। इस शिविर में विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह एवं ऊर्जा के साथ भाग लिया। इस दौरान कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने बताया कि सात दिवसीय शिविर विद्यार्थियों में एकता की भावना को पैदा करता है। उन्होने बताया कि शिविर के दौरान सरकार द्वारा चलाई गई अनेक सरकारी स्कीमों के बारे में अवगत करवाया जाएगा। इसमें नशा मुक्त भारत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, डिजिटल इंडिया, पर्यावरण सरोकार, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से संबंधित विषयों पर गंभीर रूप से चर्चा होगी साथ ही अनेक तरह की प्रतियोगिता करवाई जाएगी। वहीं गांव की सरपंच सरला देवी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। तथा भूतपूर्व सरपंच बृजपाल चौहान ने बताया कि एनएसएस शिविर व्यक्ति के व्यक्तितत्व के विकास का महत्ती चरण है। इस अवसर पर भूतपूर्व सरपंच रविपाल चौहान, डॉ धर्मवीर सैनी, डॉ अनीश, डॉ सरोज व अन्य मौजूद रहे। संवाद